हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## कार्रवाई : घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा गया

# 6 किलो गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



स्थानीय पुलिस ने दो आरोपियों से 6 किलो गांजा आ बाइक जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल में गांजा लेकर भटगांव की ओर आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्धों को रोका। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रंजू साहू 36 वर्ष, निवासी बलगी शांति नगर थाना बाकी मोगरा जिला कोरबा एवं लक्ष्मण दास मानिकपुरी 36 वर्ष, निवासी नवागांव थाना कटघोरा जिला कोरबा बताया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल में रखे लाल रंग के बैग एवं डिक्की से प्लास्टिक में ▶▶ शेष पेज 10 पर

## 200 बोरी पानी पाउच जब्त, नहीं था उत्पाद तिथि व बैच नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा


- खाद्य और औषधि प्रशासन की टीम ने वाटर प्लांट का किया निरीक्षण



गर्मी के मौसम से पानी पाउच व बोतल की मांग बढ़ने के कारण अमानक पानी पाउच व बोतल की बिकी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को वाटर प्लांट का निर्देश दिये गए हैं। निर्देश के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पानी पाउच व बोतल उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण किया गया जिसमें पानी पाउच के लेबल ▶▶ शेष पेज 10 पर

## मोहरेंगा में नेचर सफारी का लोकार्पण आज

खरोरा। विश्व वानिकी दिवस पर 21 मार्च खरोरा समीप ग्राम मोहरेंगा नेचर सफारी मोहरेंगा में ईको पर्यटन विकास से संबंधित नवनिर्मित संरचनाओं का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें मुख्य अतिथि केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, परिवहन एवं संसदीय कार्य विभाग छत्तीसगढ़), बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा सांसद, रायपुर पूर्व कैबिनेट मंत्री, रायपुर, अनुज शर्मा विधायक धरसीवां, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, स्वाति वर्मा जिला पंचायत सदस्य सभापति, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।






## खबर संक्षेप



### स्कूल परिधि में गुटखा बीड़ी, सिगरेट बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**बलौदाबाजार**। कोटपा एक्ट के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि अंतर्गत सिमगा में संचालित दुकनों में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू एवं उसके उत्पाद बिक्री की जांच संयुक्त टीम द्वारा की गई। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त जांच टीम द्वारा सिमगा स्थित स्कूल - कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में आने वाले पान ठेला, किराना स्टोर में रखे नशीली पदार्थ जैसे गुटखा, सिगरेट, बीड़ी अन्य तंबाकू उत्पाद बिक्री की जांच की गई।दुकानदारों को समझाईश दी गई कि कोटपा एक्ट के तहत स्कूल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानो के आस पास मादक पदार्थ की बिक्र ी प्रतिबंधित है।

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित



बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मॉ रिहेब आसरा एलिम्कों द्वारा पूर्व में चिन्हांकित 5 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।इनमें एक महत्वपूर्ण योजना सहायक उपकरण से आपको दैनिक कार्य करने और बाहर आने-जाने तथा आपके व्यवसाय मे आवश्यक रुप से सहयोग मिलेगा। साथ ही साथ समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई और नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, डॉ. आरके अवस्थी, अतुल परिहार एवं सिनीवाली गोयल उपस्थित रहें।

## पेज 09 के शेष

### 6 किलो गांजा...

पैक 6 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार है। इसके अलावा आरोपियों से एक यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल कीमत लगभग 40 हजार भी जब्त की। इस प्रकार कुल जप्त सामग्री की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### 200 बोरी पानी...

में उत्पाद तिथि व बैच नंबर नहीं पाया, जिस पर कार्यवाही करते हुये 200 बोरी पानी पाउच जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम केसदा स्थित सिद्धि विनायक बेवरेज वाटर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विक्रय हेतु तैयार 250 मिली पानी पाउच के लेबल में उत्पाद तिथि व बैच नम्बर नही पाया गया जिस पर कार्यवाही करते हुये 200 बोरी (प्रत्येक में 40 नग) पानी पाउच विधिवत जब्त किया गया। साथ ही विधिक नमूना लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।

# भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक रथ यात्रा महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक जयंती महोत्सव मनाया गया। प्रातः काल मंदिर में भगवान का मंगल अभिषेक, शांति धारा संपन्न की गई। अभिषेक के पश्चात श्री जी की प्रतिमा रथ में विराजमान की गई। बाल ब्रह्मचारी दीपकजी अमरकंटक, ज्योतिषाचार्य वास्तुविद भरत शास्त्री इंदौर के सानिध्य में मंत्राचार के साथ भगवान को रथ में विराजमान किया गया। उसके पश्चात रथ यात्रा प्रारंभ हुई। रथ यात्रा मंडी रोड, सती मंदिर, सदर बाजार, गोविंद चौक रामसप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए मंदिर में सानंद संपन्न हुई। भाटापारा नगर की 32 समाज द्वारा भगवान के रथ की अगवानी की गई एवं पूजा की गई।

## नगर के 32 समाज ने भगवान के रथ की अगवानी और पूजा की



### जैन समाज के प्रमुख लोगों का किया गया सम्मान

इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज एवं आदिनाथ मंदिर कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ में सामाजिक रचनात्मक धार्मिक कार्यों में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य प्रकाश मोदी, मंदिर संरक्षक नवीन गदिया, सुशील जैन नैला थे। विधायक इन्द्र साव व नगर पालिका के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मंगल आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी द्वारा उनका पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। राजीव अग्रवाल ने कहा कि आज मैं धन्य हो गया मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं जगन्नाथ पूरी के रथ को खींच करके आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं। रात्रि में मंदिर की में भगवान की मंगल आरती संपन्न की गई उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी के द्वारा प्रदान की गई।

### वर्ष में एक बार निकाला जाता है रथ

कर्नाटक में निर्मित 27 फीट ऊंचा सागौन लकड़ी का बना हुआ नक्काशीकारी रथ वर्ष में एक बार आदिनाथ जयंती के दिन निकाला जाता है। नगर भ्रमण के पश्चात पुनः रख दिया जाता है। अयोध्या से आया भगवान का चरण भगवान की जन्म भूमि अयोध्या से भगवान के तांबे के चरण प्राप्त हुए थे, जिन्हें सभी समाज प्रमुख को बाल ब्रह्मचारी दीपकजी अमरकंटक के माध्यम से प्रदान किए गए एवं सभी को रत्न एवं तांबे की अंगूठी भी प्रदान की गई। रथ यात्रा संपन्न होने के पश्चात आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूल नायक भगवान आदिनाथ का महामस्तका अभिषेक आनंद से संपन्न किया गया।

पर्व : महाआरती के बाद निकाली भव्य शोभायात्रा

# आस्था, एकता और सांस्कृतिक गौरव के संग मना चेट्रीचंड्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



नगर झूलेलाल मंदिर में आयोजित महाआरती में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना की तथा प्रभु झूलेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

महाआरती के उपरांत निकली भव्य शोभायात्रा में भी उनकी गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रद्धा, उल्लास और भक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पर्व की गरिमा को और अधिक ऊंचाई प्रदान की।

इसी क्रम में चेट्रीचंड्र पर्व पर पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत एवं पूज्य बिरादरी पंचायत, भाटापारा द्वारा आयोजित भव्य आयोजनों ने समाज को एक सूत्र में पिरोने, सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं।

अश्वनी शर्मा ने कहा चेट्रीचंड्र पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। सिंधी समाज द्वारा इस प्रकार के भव्य और अनुशासित आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। मैं प्रभु झूलेलाल जी से प्रार्थना करता हूं कि वे समस्त नगरवासियों एवं समाजजनों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें तथा सभी पर अपनी कृपा सदैव बनाए रखें।

# वनकर्मियों, युवान वॉलेंटियर्स को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

देवपुर नेचर कैंप में 18 से 19 मार्च तक वाइल्ड लाइफ एंड नेचर फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में वनकर्मियों, युवान वॉलेंटियर्स एवं विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों से वनकर्मी, युवान वॉलेंटियर्स तथा एएएफटी यूनिवर्सिटी से आए छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की मूल अवधारणाएँ, कैमरा एवं लेंस का उपयोग, प्रकाश की समझ, मोबाइल फोटोग्राफी तकनीक, डीएसएलआर एवं मिररलेस कैमरों के आधारभूत सिद्धांत, एक्सपोज़र ट्रायंगल, फोकस एवं कैमरा हैंडलिंग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

- 18 से 19 मार्च तक चला दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

इसके साथ ही प्रकृति एवं वन्यजीव फोटोग्राफी के दौरान अवलोकन की तकनीक, फ्रेमिंग, रूल ऑफ थर्ड्स, प्राकृतिक प्रकाश का उपयोग एवं रचनात्मक कम्पोजीशन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को नेचर ट्रेल पर ले जाकर वास्तविक परिस्थितियों में फोटोग्राफी का अभ्यास कराया गया, जिससे उन्हें प्रकृति के बीच सीखने का अनुभव प्राप्त हुआ।

# चैत्र नवरात्रि की धूम, थाल पर देवी स्वरूप के अद्भुत नृत्य ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम घोटिया में भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। घीवर परिवार द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिवस विधि-विधान से कलश स्थापना एवं जावरा बोने की परंपरा निभाई गई। इससे पूरे ग्राम में धार्मिक उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर पारंपरिक खप्पर पूजा का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें जामुन झिरी स्थित सिद्ध पीठ मां शक्ति काली नाग दरबार से पधारे शक्ति दास गुरुदेव के साथ आए देवी सिंगार द्वारा माता का सजीव स्वरूप प्रस्तुत किया गया। देवी सिंगार ने माता का भव्य श्रृंगार कर थाल (प्लेट) पर खड़े होकर अद्भुत नृत्य किया, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।



जैसे ही देवी सिंगार भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे, पूरा परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु इस दिव्य दृश्य को देखकर भाव-विभोर हो गए और भक्ति में झूम उठे। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित आसपास के गांवों से आए लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों के अनुसार, घीवर परिवार द्वारा प्रथम वर्ष इस तरह का धार्मिक आयोजन किया गया है, जिससे क्षेत्र में भक्ति और परंपरा की भावना और अधिक मजबूत हुई है। नवरात्रि के नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन जारी रहेगा। इस प्रकार घोटिया में चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

# शिविर में युवाओं ने 40 यूनिट रक्तदान किया





हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्राम सिसदेवरी पलारी में भारत माता सेवा ट्रस्ट व अविनाश कोचिंग क्लासेस के सौजन्य से 40 यूनिट रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सभी रक्तवीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट का वितरण भी किया गया। यह आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की अगुवाई में कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा तथा ट्रस्ट के पलारी प्रभारी प्रदीप कुर्रे जी के प्रयास से संपन्न हुआ। रक्तदान करने वाले में अविनाश चंद्राकर, प्रहलाद चंद्राकर, ममता चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, सन्नी चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर,शोभा चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, लेखराम चंद्राकर,सत्तू कन्नौजे,पलक चंद्राकर, ओमन चंद्राकर, लुकेश चंद्राकर,पूनम चंद्राकर, योगेश साहू, भारती चंद्राकर, जीवन चंद्राकर, सूरज चंद्राकर, गेमेंद्र चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, भानु चंद्राकर, लक्की चंद्राकर थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष धुरंधर ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत सिसदेवरी के सरपंच जगदीश चंद्राकर तथा जनपद सदस्य सन्नी चंद्राकर व ग्रामीण जनों को धन्यवाद तथा भवन उपलब्ध कराने के लिए कुर्मी समाज सिसदेवरी का आभार व्यक्त किया है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष और भारत की भूमिका पर कॉलेज में परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

शासकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पश्चिम एशिया में संघर्ष इजरायल अमेरिका संबंध और भारत की भूमिका पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता डॉ. राजन तिवारी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा थे। विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए परिचर्चा में भाग लिया तथा मुख्य वक्ता से विषय से जुड़े प्रश्न पूछे। परिचर्चा में प्रथम स्थान राहुल देव निराला एम ए द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान चंद्रहासिनी एम ए चतुर्थ सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन तुलसी पैकरा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर शिक्षक सिद्धार्थ शर्मा, राजनीति विज्ञान के दितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।





### विभिन्न पहलुओं पर डाला प्रकाश

इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति वहां चल रहे संघर्षों इजराइल फिलिस्तीन विवाद इजरायल एवं अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका इजराइल का प्रमुख सहयोगी है तथा इस संबंध का वैश्विक राजनीति, तेल की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ता है। भारत की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा भारत की विदेश नीति सहयोग, शांति और संतुलन पर आधारित है। प्राचार्य एस के भट्ट ने अपने संबोधन में कहा विभाग में इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों में विषय के प्रति समझ विकसित करता है तथा ज्ञान में वृद्धि करता है सहायक अध्यापक श्री वाई आर महिलाने ने वर्तमान परिस्थितियों एवं वैश्विक प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की संघर्ष का असर सभी देशों पर पड़ता है। सहायक अध्यापक अजय मिश्रा ने पश्चिम एशिया के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए संघर्ष की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया विवाद केवल भूभाग का नहीं बल्कि धर्म और राजनीतिक अधिकारों से जुड़ा है तथा इजरायल के जल प्रबंधन तकनीक, नवाचार पर विचार व्यक्त किया।

# मुख्य मार्ग बंद, बिना काम के लगाए अवरोध, लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

बिलासपुर–सरायपाली मुख्य मार्ग पर इन दिनों आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोविंदवन से पवनी मोड़ तक लगभग तीन अलग-अलग स्थानों पर मुख्य सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

सड़क के बीचों-बीच खंभे गाड़कर और बांस बांधकर रास्ता रोक दिया गया है। साथ ही कार्य प्रगति पर है का बैनर भी लगाया गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि मौके पर कहीं भी कोई निर्माण कार्य होता नजर नहीं आ रहा। इस अवरोध के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग किसने और किस अनुमति से बंद किया है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। प्रशासन की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक सूचना सामने नहीं आई है। नागरिकों का कहना है कि यदि बिना अनुमति के जानबूझकर मार्ग को बंद किया गया है और आम जनता को परेशान किया जा रहा है, तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**ग्राम पंचायत - गिधौरी**
**विकासखंड कसडोल, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**// मवेशी बाजार नीलामी सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 ग्राम पंचायत गिधौरी क्षेत्रान्तर्गत आम नीलामी द्वारा ठेके पर वसूली मवेशी बाजार की नीलामी दिनांक 23/03/2026 दिन सोमवार को समय 10:30 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत भवन गिधौरी में किया जायेगा।

| क्रमांक | ठेके का नाम | नीलामी पूर्व जमा अमानत राशी | ठेका दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 02 | मवेशी बाजार नीलामी | 10,000/- | 23/03/2026 समय 10:30 बजे |

उपरोक्त बाज़ार की अवधि दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक के लिए होगी। अन्य शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत गिधौरी में देखी जा सकती है।

देवप्रसाद- सरपंच
ग्राम पंचायत - गिधौरी

सुरेन्द्र कुमार लोहार- सचिव
ग्राम पंचायत- गिधौरी

# पूर्व विस अध्यक्ष से मिले भाजपा मंडल सदस्य

**कसडोल/सेल**। भाजपा मंडल कसडोल और कटगी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर आशीर्वाद लिया गया हैं। आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में कसडोल विधानसभा के कसडोल एवं कटगी मंडल वरिष्ठ पदाधिकारी सहित नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने कसडोल मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, महामंत्री अटल संतराम वर्मा, गुनीराम साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रविकांत बंजारे की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र पैकरा, राजू साहू, अध्यक्ष कसडोल साहू आदि शामिल थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## मनाया गया यूकेजी में ग्रेजुएशन डे

**बलौदाबाजार**। अंबुजा विद्या पीठ, रवान में यूकेजी ग्रेजुएशन डे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत यूकेजी के तीनों वर्गों (A, B, C) के विद्यार्थियों के परिणाम घोषित किए गए तथा बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। छोटे बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने सभी उपस्थित जनों को भावुक कर दिया। साथ ही नर्सरी एवं यूकेजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य कार्यक्रम ने समारोह में उत्साह का संचार किया। हमिंगबर्ड ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ संजय कुमार पाण्डेय को भी हमिंगबर्ड पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का समापन 'क्रिएटिव डिस्प्ले' के अवलोकन के साथ हुआ, जिसमें बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक प्रोजेक्ट्स एवं कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

## महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। पटेवा पुलिस ने ग्राम मानपुर में एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी विकास बंजारे पिता हुमन लाल ऊर्फ बबलू बंजारे (20 साल) मानपुर थाना पटेवा जिला महासमुंद के कब्जे से उसके घर के आंगन ग्राम मानपुर से कुल 7 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत करीबन 1400 रुपए बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

**चेट्री चंड पर नगर में सुबह से शाम तक मेले का रहा माहौल**

# भगवान झूलेलाल जयंती पर सुबह बाइक रैली एवं शाम को शोभायात्रा की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा सिंधी समाज के द्वारा आराध्य देव भगवान झूलेलाल वरुणावतार का जन्म उत्सव चेट्री चंड शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक शहर में मेला लगा रहा। इस मौके पर समाज के उत्साही युवको एवं महिलाओं के द्वारा बाइक रैली निकाली गई मंदिर में आम लंगर हुआ और शाम को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।इस मौके पर जोर दार आतिश बाजी की गई ।

**शोभायात्रा में मछली की झांकी ने किया सब को आकर्षित**

शुक्रवार को सुबह झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल का जलाभिषेक कर भगवान को नए वस्त्र धारण कराए गए। मंदिर में भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। आरती में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर से भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व रोशन आहूजा, धनराज खत्री, विकास कोटवानी, जयपाल माधवनी, दिनेश खत्री, विपिन खुब्वानी , करते हुए चल रहे थे।

इसके पहले गुरुवार की शाम समाज की नारी शक्ति के द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई थी। आयो लाल झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए महिलाएं भगवा ध्वज फहराते हुए नाचते गाते चल रही थी। रेली में कोयल निहिचलानी , अनीता हरिरामानी.सरिता चंदानी .रानी कोटवानी ,एकता गलानी,काजल .नैना रोहरा ,संजना वर्ल्यानी ,भूमि कोटवानी ,प्रियंका वाधवानी,पलक सुखवानी ,कंचन वाधवानी शामिल हुई रैली का आधा दर्जन स्थानों पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी.डिम्पल के द्वारा रैली का स्वागत किया गया। साढ़े 12 बजे झूलेलाल मंदिर में आम लंगर का शुभारंभ हुआ लंगर में 5 हजार से से भी अधिक लोगों ने प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी भाजपा के पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ने भी झूला मंदिर में पहुंचकर भगवान झूलेलाल के चरणों में माथा टेका और चेटीचंड की सिंधी समाज को बधाई दी।

दोपहर 2 बजे बहराणा साहब को सजाया गया। इस दौरान महिलाएं भजनों पर नृत्य कर रही थी। शाम 5 बजे झूलेलाल मंदिर से घोड़े से सजे रथ पर भगवान की मूर्ति विराजित कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के आगे मंदिर के प्रमुख धनराज खत्री, सुरेश बागवानी, वासुदेव थावरानी, रमेश विरानी, पार्षद राजेश कोटवानी, राम पंजवानी ,मोतीलाल हिंदुजाभगवान झूलेलाल के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। पीछे विशाल मछली की झांकी चल रही थी। युवक. /"घोड़े ते आयो मोहिजो लाल/" के भजन पर नाचते हुए जयकारा लगाते चल रहे थे। शोभा यात्रा के स्टेशन पहुंचने पर स्वागत कर शरबत एवं जलपान का वितरण किया गया।





### रैली का किया स्वागत और बांटी मिठाइयां

झूलेलाल मंदिर से शुरू हुई बाइक रैली का स्टेशन चौक पर व्यापारी संघ के द्वारा आतिशी स्वागत कर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस मौके पर कन्हैया थावरानी, शिव निहचलानी एवं समस्त व्यापारी उपस्थित थे। लगभग 2 घंटे तक नगर का भ्रमण करतने के बाद बाइक रैली हेमू कॉलोनी चौक पहुंची जहां कपड़ा मार्केट में स्वागत कर शरबत वितरण किया गया। वेलकम डेली नीड्स के पास भी रैली का स्वागत किया गया। गुरु नानक चौक पर दीपक निहचलानी द्वारा जोरदार स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया गया।



### आतिशबाजी और डांडिया नृत्य की मची धूम

दीनदयाल चौक पर भव्य आतिशबाजी की गई आतिशबाजी को देखने हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। शोभा यात्रा में सिंधी डांडिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा वहीं महिलाओं की झूमिर देखते बन रही थी। सिंधी कैंप में श्यामलाल बालचंदानी,सुनील निहचलानी, शैलू खूबचंदानी, हरीश छाबड़ा, इंद्र लाल बचवानी के द्वारा यात्रा का स्वागत कर जलपान का वितरण किया गया। इसके अलावा अन्य कई जगहों पर शोभायात्रा का स्वागत कर शरबत आइस क्रीम एवं मिष्ठान का वितरण किया गया. नेवरा की बड़े तालाब में बहराना साहब की ज्योत का विसर्जन कर अखों पाकर शह,र प्रदेश ,देश के कल्याण एवं विश्व के में शांति कायम रहने की अरदास की गई. शोभायात्रा में राजकुमार भिखवानी, पार्षद राजेश कोटवानीदीपक मेघानी, मोहन पंजवानी और रमेश रामानी , विजय वाधवानी, पार्षद राजेश कोटवानी विकास कोटवानी वेद प्रकाश कृपलानी राकेश पंजवानी, कन्हैया थावरानी, वीरभान लवानी, सोनू हिंदूजा, मोनू निकलनी संदीप जैसवानी माधव निकलनी आयुष कोटवानी. जतिन बछवानी .कुमार बछवानी. निखिल पॉप्तानी. मोनू .वेदकृपलानी ,अशोक हरिरामानी ,सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए .इस मौके पर तालाब में रेजर लाइट का शानदार प्रदर्शन कर आरती की गई।

## नवधा रामायण का समापन

**अर्जुनी**। नगर के स्थल गांधी चौक में रामचरित नवधा रामायण का समापन हुआ। नव दिन तक चले इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न मानस मंडली टोलिया आकर रामनाम के गीतो का गायन कर श्रोताओ को अमृतमयी वाणी से रसपान कराया इन नव दिनों में गांव का वातावरण भक्तिमय से उमड़ा रहा। इस अवसर में अर्जुनी सरपंच कविता भगेला ध्रुव, सरपंच प्रतिनीधि सुखराम ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, रामायण मानस मंडली समिति के अध्यक्ष सदस्य गजाधर वर्मा, मुरारी वर्मा, जनकराम वर्मा, राधेश्याम साहू, प्रेमचंद वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक आर.आर.साहू, गंगाप्रसाद यदु आदि उपस्थित रहे।



## गर्मी में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने मेंटेनेंस समय पर करें

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने ट्रांसफार्मर एवं अन्य मेन्टनेन्स कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डिमांड जारी होने के बाद नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाएं, बिजली से सम्बधित शिकायत का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही बारिश के पूर्व पेड़ों का शाखा कर्तन का कार्य भी पूरा कराएं, ताकि बारिश के समय कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने अवैध रूप से हुकिंग कर बिजली का उपयोग पर कार्यवाही करने एवं अस्थाई कनेक्शन से रबी फसल के लिए पानी हेतु बोर का उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिये एनओसी पूरी आकलन के पश्चात ही जारी हो। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व निस्तारी हेतु पानी के उपयोग को प्राथमिकता देने कहा।



# जिले में उल्लास महापरीक्षा कल, 8 हजार असाक्षर होंगे शामिल

## कलेक्टर ने शिक्षार्थियों से परीक्षा में शामिल होने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर में 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने सभी शिक्षार्थियों को इस महापरीक्षा अभियान अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण स्वयंसेवी शिक्षक तथा आम नागरिकों को अपील की है कि वे शिक्षार्थियों को परीक्षा के दिन परीक्षा में शामिल करवाये।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मन एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे मूलभूत राशि से महापरीक्षा अभियान में वातावरण निर्माण के लिए गांव-गांव में दीवारों पर नारा लेखन कार्य करें। जोइधा राम डहरिया जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने तीनों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक नोडल अधिकारी उल्लास का बैठक लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने, बैगलेस डे के दिन गांव में स्कूली बच्चों द्वारा रैली, सभी शिक्षार्थियों को घर-घर जाकर सूचना देना, केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति आदि पर विस्तृत निर्देश दिया गया।



### उल्लास परीक्षा के लिए जन जागरूकता रैली

रवान। उल्लास परीक्षा 22 मार्च के लिए ग्राम भरसेला (बड़ा) में ग्राम प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार सेन के नेतृत्व में जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को पीला चावल देकर परीक्षा में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा एवं संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, माला साहू, द्रोपदी श्रीवास, नीतू पैकरा, लखन पैकरा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा में शामिल होने का आग्रह किया। इस पहल से ग्राम में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

## खबर संक्षेप



### ग्रामसभा में जल संचयन की ली शपथ

**सिमगा।** ब्लाक के ग्राम पंचायत बिनैका में विशेष ग्रामसभा का आयोजन ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से मोर गांव मोर पानी, जल संचय के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग के तहत जल का संग्रहण कैसे किया जाता है उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा एवं अपूर्ण आवास की जानकारी ली गई। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को शोकपीट निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम सभा का संचालन सरपंच मुकेश बंजारे ने किया।अंत में जल संचयन के बचाव के संबंध में शपथ ली गई।

### वैष्णव महासभा के होली मिलन में आएंगे महंत रामसुंदर दास

**पलारी।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा पलारी मण्डल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में श्री श्री 1008 श्री राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम केपीएस स्कूल परिसर पलारी कॉलेज के समीप 22 मार्च रविवार को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी मुख्य रूप से होली मिलन और समाज के विकास के लिए आवश्यक चर्चा और दूर दराज से पधारे वैष्णव बंधुओं का परिचय का कार्यक्रम होंगे। समाजसेवी रामरंग वैष्णव ने उक्त कार्यक्रम में वैष्णव जनों अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किए हैं।

### अस्पताल कैंपस से लूना पार

**भाटापारा।** लिंक रोड स्थित डा. किरण जीवनमल हास्पिटल कैंपस में खड़ी एक काले रंग की टीव्हीएस लूना क्रमांक सीजी 04-2665 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। उक्त वाहन के मालिक महेन्द्र यादव ने उक्ताशय की रिपोर्ट शहर थाना में दर्ज करायी है। इस संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि वे अपना दुपहिया वाहन कैंपस के अंदर खड़ा कर अंदर कुछ काम के लिए गये और वापस आने पर देखा तो उस स्थान से उनका वाहन गायब था। आसपास खोजबीन के बाद भी उनका वाहन नहीं मिला।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में योगेश का चयन

**गिधौरी।** ग्राम टुंडरी स्थित ब्लेसन कॉन्वेंट स्कूल के छात्र योगेश साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोशन साहू ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और गुरुजनों के आशीर्वाद से रैंक 36 प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और दादा ललहा राम, दादी गीता बाई, चाचा ने हर्ष जताया है।



तालाब से बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई, पंचायत के प्रस्ताव और प्रशासनिक अनुमति के बाद चला अभियान

# अवैध कब्जाधारियों पर गिरी गाज प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत दरचुरा में तालाब एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के सर्वसम्मति प्रस्ताव और प्रशासन से मांगी गई सुरक्षा व्यवस्था के बाद संपन्न हुई।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अनुराग भट्ट, पटवारी फणीभूषण सिंह, सरपंच भीम्मा नारायण पाल, उपसरपंच ज्ञानी जैलसिंह दिवाकर, सचिव जोहनदास भारती सहित राजस्व अमला और पुलिस बल मौजूद रहे।

इस दौरान आनंद रावते, शत्रुघन निषाद और संतोष साहू सहित अन्य लोगों द्वारा तालाब के चारों ओर किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों में संतोष साहू, श्याम सुंदर पटेल, पिंकी पटेल, मोनिका पटेल, नारायण पाल और उमेश पटेल,मीना पंच उपस्थित रहे। इसके अलावा अश्वनी साहू सहित अर्जुन दिवाकर, राजकुमार साहू, लखन अग्रवाल, गोवर्धन पाल, राजाराम साहू, रोहित साहू समेत सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

पंचायत एवं ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की जमीन पर लंबे समय से कब्जा किया जा रहा था, जिससे गांव के सार्वजनिक संसाधनों पर प्रभाव पड़ रहा था। पंचायत द्वारा विधिवत प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को सूचित किया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।



### सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत दरचुरा द्वारा पूर्व में तहसीलदार सिमगा को पत्र भेजकर तालाब एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए बेजा कब्जों को हटाने हेतु सुरक्षा बल एवं राजस्व कर्मचारियों की व्यवस्था करने का निवेदन किया गया था। पंचायत का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होने के बाद प्रशासनिक सहयोग मिलने पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई।

# शिक्षकों ने गौ सेवा के लिए चारे का प्रबंध किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

श्री हरि एनिमल केयर संस्थान केशला, खरोरा द्वारा सेवा भाव से संचालित गौधाम में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय के शिक्षकगणों ने गौ सेवा के प्रति प्रेरणादायक पहल की। शिक्षकों ने गौधाम में पौष्टिक चारे का प्रबंध किया। इस पहल से न केवल गौधाम में रह रहे गौवंश को लाभ मिला, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बल मिला है।

प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, सेवानिवृत्त डोमार सिंह यादव, संगीता नायक, चमेली ठाकुर, मोंगरा साहू, गीतांजली पान, योगेंद्र त्रिपाठी, प्रवीण पाटिल, अमर बर्मन, यश अमलानी, यतिराम कन्नौजे, कविता देवांगन, अरविंद नायक, नीलम वर्मा, निकिता वर्मा, कल्याणी साहू, संकुल समन्वयक रामकरण वर्मा, मोहित साहू द्वारा गौवंश के लिए पौष्टिक चारे की व्यवस्था कर मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट परिचय दिया।

वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने कहा कि गौधाम में पौष्टिक चारे की व्यवस्था करना केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

व्याख्याता डोमार सिंह यादव एवं योगेंद्र त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ माता के संरक्षण और सेवा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यों से समाज में करुणा, सहानुभूति और सेवा की भावना को बल मिलता है।

# जल अर्पण दिवस पर मांठ बना हर घर जल गांव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड रायपुर द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांठ में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ग्राम सभा के दौरान विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मांठ को हर घर जल घोषित किया गया, जो क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर सरपंचों को घर-घर स्वच्छ एवं क्लोरीनयुक्त जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु फील्ड टेस्टिंग किट प्रदान की गई। साथ ही हर घर जल उपलब्धि के लिए सरपंच विनय कुमार वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग एवं हर बूंद के संचय की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल अमूल्य संपदा है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संतोष सत्यवंशी, अभिनाश एक्का, उत्तरा ध्रुव, भागवत धीवर, यामिनी यादव, अमन सिंह, वेदप्रकाश वर्मा, रूपेंद्र साहू, हर्षित नारद, राम वर्मा, नीलम सुलोचना धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नवधा रामायण के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





नगर पंचायत भटगांव में नवधा रामायण के अवसर पर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे नगर के माता बहनें शामिल हुईं। कलश यात्रा नवधा पंडाल कदम चौक से प्रारंभ हो कर रहस चौक, कुआं चौक, पुराना हटरी, शीतला चौक, ब्राह्मण पारा, मौली माता, अमरैया पारा होते हुए पुनः कदम चौक नवधा पंडाल पहुंची, कथा 19 मार्च चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा को नगर के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, पार्षद लीलाधर वैष्णव, देवेंद्र यादव, महादेवा यादव, रमा पटेल, मनोहर टंडन, उमा बाई यादव, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रेवती चंद्रा, मंडल अध्यक्ष धीरज , श्याम लाल , गुड्डू सहित समस्त माता बहनों की उपस्थिति में हुआ अखंड नवधा रामायण पूरे नव दिन चलेगी। आचार्य प्रशांत चौबे, यजमान मुरारी लाल आदित्य श्रीमती ऊषा आदित्य है। अखंड नवधा रामायण में मानस गान प्रतियोगिता रखी गई है। इसमें विजेता मंडलियों को अलग-अलग पुरस्कार राशि दी जायेगी।

# गिरौदपुरी में 30 बिस्तर अस्पताल का भूमिपूजन



गिधौरी। गिरौदपुरी में वृहद सामुदायिक स्वस्थ केंद्र 30 बिस्तर हॉस्पिटल का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच राजाराम पटेल, अध्यक्षता उपसरपंच रजनी नोबल डहरिया ने किया। क्षेत्र मेन सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि क्षेत्र में पहली बार इतना बड़ा हॉस्पिटल का निर्माण हो रहा है, जिससे आसपास के करीब 10/15 किलोमीटर के गांव वालों को बहुत अच्छा चिकित्सा उपलब्ध होगी, जिसमें हर समय एमडीएस डॉक्टर की तैनाती रहेंगे। हॉस्पिटल के निर्माण कार्य शुरू होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस कार्य में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि का सामाजिक कार्यकर्ता ननकी मंडल पटेल, बंटी पटेल, हरियर दास मानिकपुरी, राकेश जायसवाल, प्रदीप रात्रे, विजय शास्त्री, बसंत पटेल, अर्जुन पटेल, रामकुमार मिरी, करण साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्कूलों में प्रार्थना शेड के लिए 10-10 लाख की मंजूरी

**भाटापारा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में प्रार्थना शेड के लिए 10-10 लाख की स्वीकृति मिली है। ग्राम खपरी, गुर्रा, कोसमंदा, सिंगारपुर, तरेंगा, कचलोंन, औरेठी,रोहरा, नवागांव के हाई स्कूल परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण होगा शिवरतन शर्मा द्वारा स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए प्रार्थना शेड निर्माण की बात कही गई थी । अब इस दिशा में स्वीकृति मिलने से जल्द ही कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। स्कूलों में प्रार्थना शेड की स्वीकृति मिलने पर राकेश तिवारी, सुनील यद्दु, पवन वर्मा, मथुरा यद्दु, चन्द्रमणी तिवारी, योगेश अनंत, सतीश सोनी, देवक साहू, प्रदीप अनंत, पवन साहू, ठाकुर राम साहू, कनक मनहरे, धनेश्वर साहू, शंकर जायसवाल सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ताओ ने शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार भाटापारा जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468
जिला कार्यालय, बलौदाबाजार
अंबेडकर चौक बलौदाबाजार
मो. 9926204007

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर